## खबर संक्षेप

### जनमन मिशन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक

**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय आदिवासियों के उत्थान और उन्हें शासन की सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत 9 मंत्रालयों की 11 प्रमुख गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इन सभी में इन जनजातीय हितग्राहियों को सैचुरेट किया जाना है। पीएम-जन मन मिशन योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

### खुले में मीट का विक्रय करने वालों का हटाया कब्जा

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में जिले में खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरूध्द लगातार कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी तारतम्य में आज एसडीएम छिन्दवाड़ा श्री सुधीर कुमार जैन के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगरपालिक निगम की टीम द्वारा स्टेशन रोड छिंदवाड़ा पर खुले में मीट का विक्रय करने वाले व्यक्तियों का अवैध कब्जा हटाया गया।

### चारगांव में अन्नदाता दिवस कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय कृषक दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्यिक शाखा छिंदवाड़ा के तत्वावधान में ग्राम चारगांव के ग्राम पंचायत भवन में आज अन्नदाता दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बैंक की योजनाओं जैसे किसान समृद्धि ऋण, कृषि गोल्ड ऋण, स्वयं सिद्धा योजना और अन्य योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अन्नदाताओं की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन से हुआ और कृषकों के पुष्पहार से स्वागत के बाद मुख्य प्रबंधक भारतीय कृषि वाणिज्यिक शाखा छिंदवाड़ा श्री आर.के.दुबे और मुख्य प्रबंधक साख एवं जोखिम श्री आनंद जोशी द्वारा वरिष्ठ किसान नागरिकों व अन्नदाताओं का शाल,श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

### सीएम राईज स्कूल निर्माण में थाने के पीछे कांग्रेस नेता ने बीती रात रेत डंप कर दी प्रशासन को चुनौती

# कार्यवाही के बाद भी नहीं लग रही रेत चोरी पर लगाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

रेत चोरी करने वालों के खिलाफ देलाखारी पुलिस चौकी प्रभारी ने तीन रेत के ट्रैक्टर कट्टा नदी से रेत भरते पकड़कर उनके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की थी। पिछले दिनों ही खनिज विभाग ने भी बगैर रॉयल्टी रेत परिवहन करते एक डंपर पकड़ा था। जिस पर खनिज विभाग ने खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही कर तामिया थाने में खड़ा किया था।

लेकिन इतनी कार्यवाही के बावजूद भी रेत की चोरी आखिर किस की शह पर हो रही है, यह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। आमजन में चर्चा है कि पुलिस और खनिज विभाग की कार्यवाही क्या केवल उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित थी और आम जनमानस में यह बात अब स्वयं सिद्ध होती जा रही है कि कार्यवाही के तुरत बाद से रेत का अवैध व्यवसाय निर्विवाद रूप से शुरू हुआ। इस पर पुलिस, खनिज, राजस्व विभागों की कार्य प्रणाली भी अब संदेह के घेरे में आ गई। आखिर कार्यवाही होने के बाद भी लगातार रेत चोरी का होना सवाल तो खड़े करता ही है।

बीती रात कांग्रेस नेता के भाई के चार डंपर रेत भरकर बेलखेड़ी भाड़ी के जंगल के पास की नदियों से रेत लेकर थाना गेट से गुजर कर थाने के पीछे सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में रेत डंप शायद पुलिस को बीती रात डाली रेत से चुनौती दी है या उसे पुलिस का खौफ नहीं है या फिर उसे पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने की भी चर्चा है। नहीं तो इतनी कार्यवाही के बावजूद रेत की चोरी वह भी थाने के पीछे ठेकेदार को बेचे जाना कांग्रेस नेता के रसूख को ही प्रदर्शित करता है।

इस तरह अब खनिज एवं पुलिस विभाग की कार्यवाही के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन होना और उसके बाद थाने के पीछे रेत डालना बड़ा सवाल अब प्रशासन के सामने खड़ा हो गया। आखिरकार कांग्रेस नेता का भाई जो रेत माफिया के रूप में अपनी पहचान बन चुका है उस पर कार्यवाही करने से आखिर प्रशासन क्यों हिचक रहा है। जबकि प्रदेश के नए मुख्यमंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को अवैध धंधों पर रोक लगाने के लिए निर्देशित किया है।

लेकिन उनके निर्देश शायद छिंदवाड़ा तो पहुंचे होंगे लेकिन शायद तामिया नहीं पहुंचे। नहीं तो बीती रात थाने के पीछे चार ट्रक रेत डालना छोटे-मोटे माफिया के बस की बात नहीं है। अब देखना यह है कि पुलिस राजस्व, खनिज विभाग भाजपा राज्य में कांग्रेस नेता के भाई के वाहनों पर कार्यवाही करता है या फिर उसे पूर्व की तरह रेत चोरी करने की

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** भारत के बच्चों का गणित फोबिया दूर करने के लिये नवीन और नवाचारी प्रयास किये जा रहे हैं । इसी तारतम्य में गणित के प्रति बच्चों में डर मिटाकर रुचि जागृत करने के लिये राष्ट्रीय गणित दिवस पर गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी में विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं। महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस के मौके पर शाला के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की गई। कार्यक्रम संयोजक एवं नेशनल चिल्ड्रन मैथ्स अकैडमी की स्टेट डायरेक्टर डॉ.अभिलाषा जैन भांगरे ने बताया कि शाला में चार्ट मेकिंग, मॉडल मेकिंग, कविता, स्लोगन, निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने ज्यामितीय आकृतियों, सूत्र, प्रमेय, समीकरण, 3D ज्यामिति आकृतियां, वर्ग संख्याएं, गिनती और पहाड़े बनाना, गणितीय पहेली जैसी अनेक गणितीय संक्रियाओं को कबाड़ से जुगाड़ कर खेल-खेल में सहज ही सीखा। साथ ही शाला के ₹प्रज्ञान खगोलीय क्लब₹ द्वारा 22 दिसंबर की खगोलीय घटना को पृथ्वी पर चित्रांकन द्वारा विद्यार्थियों को समझाया। क्लब के पदाधिकारी सर्वश्री सुयश बघेल, हर्षिता सूर्यवंशी, अजय धुर्वे, इशा धुर्वे, कशिश ठाकरे, योगेश सूर्यवंशी और अन्य सदस्यों ने समूचे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई।

### छात्राओं को विधिवत प्रदान की गई कानून की जानकारियां

# कोतवाली थाना की कानूनी प्रक्रियाओं/पुलिस प्रोसिडिंग से विधि के विद्यार्थी हुए अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

वार्षिक शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विधि के विद्यार्थियों ने आज प्राचार्य वेदप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली छिन्दवाड़ा का भ्रमण किया। उक्त कोतवाली भ्रमण के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं को छिन्दवाड़ा नगर निरीक्षक उमेश गोल्हानी के द्वारा कोतवाली पुलिस थाना की कानूनी प्रक्रियाओं/पुलिस प्रोसिडिंग का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया।

कोतवाली के टी०आई० ने विधि के विद्यार्थियों को बताया कि थाने में पदस्थ आरक्षक से लेकर वरिष्ट पद पर कौन कौन से पदाधिकारी पदस्थ होते है एवं उनकी क्या शक्तियां होती है, महिलाओं के कौन-कौन से कानूनी अधिकार होते है, दण्ड प्रक्रिया संहिता में संज्ञेय असंज्ञेय अपराध, शमनीय/अशमनीय अपराध के संबंध में पुलिस थाने की व्यवहारिक प्रक्रियाये क्या होती है। कोतवाली में पदस्थ अधिकारी श्रीमान नारायण सिंह बघेल जी द्वारा पुलिस चालान डायरी, एफ०आई०आर०, मालखाने से संबंधित जानकारी प्रदान की। कोतवाली में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा लॉ के स्टूडेंट्स को संपूर्ण पुलिस प्रक्रिया की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की एवं विद्यार्थीयों द्वारा पूछे गये कानूनी प्रक्रियाओं से संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी दिया। उक्त भ्रमण के दौरान कोतवाली में पदस्थ समस्त स्टॉफ द्वारा थाने कोतवाली की समस्त सुविधाओं/व्यवस्थाओं, पुरुष एवं महिला बंदीगृह की व्यवस्थाओं, विवेचना कक्ष इत्यादि की विधिवत जानकारी प्रदान की गई साथ ही छात्राओं द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र का भ्रमण कर मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।उक्त थाना भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्री आनंद बाजपेयी, श्री विनोद झावरे, श्री सचिन बाजपेयी, श्री श्रवण बन्देवार, श्री अखिलेश पाण्डे, वरिष्ठ छात्र समीर दुबे ,शुभम सोनी,विशाल राय एवम महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

# 24 ग्राम पंचायतों में निकली भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सातों विधानसभा की 11 जनपद पंचायतों की 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये । इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की । कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया । कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया । नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि आज विधानसभा छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत बीजेपानी और भाजीपानी, विधानसभा चौरई की जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत बीझावाड़ा और सलकनी एवं जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत लोहारबतरी और गोनी, विधानसभा अमरवाड़ा की जनपद पंचायत अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत गुरैया और मानेगांव एवं जनपद पंचायत हर्रई की ग्राम पंचायत खमतरा और भूली में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुईं।

### संत रविदास जयंती के संबंध में तैयारियों को लेकर बैठक कल

**छिन्दवाड़ाः-** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 24 फरवरी 2024 को संत रविदास जयंती मनाई जावेगी। जिसकी तैयारियों के संबंध में दिनांक 25.12.2023 दिन सोमवार को स्थान गुरू रविदास धाम वार्ड क्र. 23 छिन्दवाड़ा में दोपहर 2 बजे से विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें संत रविदास समाज के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार चैकसे ने सभी सामाजिक बंधुओं एवं महिला सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की हैं ।

### नगर निगम की टीम ने 30 दुकानों को हटाया



**छिंदवाड़ा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में नगर निगम द्वारा चौहारी नाला सिवनी रोड में अतिक्रमण में खुले में मास मटन मछली विक्रय करने वाले 30 दुकानों को हटाया गया साथ ही 2000 रुपए का स्पॉट फाइन भी किया गया।

# शिविर में 670 से अधिक नेत्र एवं अन्य रोगियों का हुआ उपचार

### 52 मरीज को आपरेशन के लिए भेजा लायंस हॉस्पिटल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सामाजिक सरोकार में अग्रणी संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में लायंस क्लब छिंदवाड़ा ग्रेटर के सहयोग से पंडित नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में निःशुल्क मोतियाबिंद परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया अध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा,सचिव संदीप अग्निहोत्री ने बताया की कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में अतिथि के तौर नगर निगम पूर्व सभापति अभिलाष गौहर, पार्षद शिव मालवी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कुलदीप ठाकुर ,ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन, स्कूल डायरेक्टर अखिलेश चौहान प्राचार्य श्रीमती अनामिका चौहान,राष्ट्रपति पुरस्कार पुरस्कृत समाजसेवी विनोद तिवारी, लॉयन पूरन राजलानी ,अजय पालीवाल, योगेश पटेल, अशोक गुप्ता एवम निर्मल जयसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे शिविर में 670 से अधिक नेत्र रोगियों एवम अन्य बीमारी के मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया एवं 52 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर मरीजों को तत्काल लायंस नेत्र चिकित्सालय परासिया में ऑपरेशन के लिए भेजा गया । शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डा.योगेश पाल, डा. भोला यादव आयुर्वेद के डा.मयंक साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान किए एवम जरूरतमंद को निःशुल्क दवाई संस्था द्वारा प्रदान की गई।

### अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा :** भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा । जिसमे नागपुर के कैंसर सर्जन डॉ बोमनवार भी आयेंगे और चिन्हित मरीजों को नागपुर ले जाकर निःशुल्क कैंसर के ऑपरेशन भी किए जायेंगे। इसके अलावा आंखों की जांच, मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन किए जायेंगे। साथ ही हड्डी के रोग एवं ऑपरेशन, होम्योपैथी, फिजियोथेरेपी के माध्यम से क्रोनिक डिजीज का इलाज होगा, निःशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी। इस शिविर में लायंस हॉस्पिटल परासिया तथा नागपुर एवं छिंदवाड़ा के जाने माने सर्जन एवं विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी ने सभी छिंदवाड़ा वासियों से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# स्त्री की लज्जा भंग करने के आरोपी को कठोर कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी पांढुर्णा श्रीमान भुपेन्द्र आर्य व्दारा प्रकरण क्रमांक 15/2018, अंर्तगत धारा 354, 354 (ए), 294, 323, 506 भाग 2 भा.दं.सं. में विचारण के दौरान अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 एवं 323 में दोषसिध्द पाते हुये क्रमशः धारा 354 में 1 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड एवं धारा 323 में 1 माह के कठोर कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। एवं अभियोक्त्री को प्रतिकर के रूप में 1000 रूपये की धनराशी दिलाये जाने बाबत आदेश पारित किया गया। घटना का विवरण – घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि घटना दिनांक 17/12/17 शाम करीब 4:30 बजे अभियोक्त्री उसके भाई के खेत में गयी थी तो उसे कपास की फसल के बीच में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा तो अभियोक्त्री ने उससे पुछा कौन है, इस पर अभियुक्त व्दारा उसके मुंह पर लगा कपड़ा खोलने पर अभियोक्त्री ने अभियुक्त के रूप में उसकी पेहचान की। अभियोक्त्री व्दारा अभियुक्त से कहा कि वह कपास क्यों बीन रहा है तो अभियुक्त ने अभियोक्त्री के गाल पर चांटा मारा जिससे उसके कान में दर्द होने लगा और बुरी नियत से अभियोक्त्री को जमीन पर पटक –कर उसकी छाती पर बैठकर उसका ब्लाउज खींचा और उसे जान से मारने की धमकी दी। अभियोक्त्री की शिकायत पर थाना पांढुर्णा पुलिस व्दारा अपराध पंजीबध्द कर विवेचना उपरांत प्रथम दृष्टया अभियुक्त व्दारा अपराध कारित करना पाये जाने से अभियुक्त के विरूध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में म0प्र0 राज्य कि ओर से अभियोजन का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह तौमर व्दारा किया गया।

# खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय हुआ बंद

### नगर निगम की कार्यवाही से दिख रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गठित दल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहले नियमों को लेकर समझाइश दी गई इसके उपरांत दल द्वारा चालान एवं पशु मांस को जप्त करने की कार्यवाही भी गई। अब इन कार्यवाहियों का असर मटन मार्केट में दिखाई भी देने लगा है, दुकानदारों द्वारा खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय को बंद कर दिया है। इसके साथ ही दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहरी हिस्से को ढंक कर दिए जा रहे निर्देशों का पालन करना प्रारंभ कर दिया है। नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने बताया की मटन मार्केट सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताई सरकार की योजनाएं

# गांव–गरीब और किसानों को आर्थिक मजबूती देने सरकार संकल्पित: बंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



हमारे देश भारत को विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए ये विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गांव में निकाली जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए जन जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। वही यात्रा के दौरान जन सरोकार से जुड़े समस्त सरकारी महकमों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहकर मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। शनिवार को यह यात्रा ग्राम पंचायत बीजेपानी और भाजीपानी पहुंची थी। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती देने भाजपा सरकार संकल्पित है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के ज़रिए लगातार कार्य कर किया जा रहा है।विवेक बंटी साहू ने कहा की देश की जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ काम शुरू किया। मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद जनकल्याण के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिए।

समाज के हर वर्ग के कल्याण का मसौदा तैयार कर उनके विकास का खांका खींचा और विकास को धरातल पर साकार कर हर वर्ग तक उनका लाभ पहुंचाया। बंटी साहू ने कहा की स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ जनता के नारे को साकार करते हुए मोदी सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य कल्याण की योजना तैयार की और प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराने का निर्णय लिया। देश में 13 करोड़ पक्के शौचालय का निर्माण, उज्ज्वला गैस के 9 करोड़ कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की गरीब वर्ग, युवा वर्ग सहित समाज के हर वर्ग की चिंता सरकार कर रही है। विकसित भारत की शपथ कार्यक्रम के उपरांत सभी को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस मौके पर बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नावली की स्पर्धा भी रखी गई थी। बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने मंदिर परिसर में ली बैठक

# जामसांवली पदयात्रा एवं नववर्ष पर मंदिर में बनेगी विशेष व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



साल के आखिरी शनिवार को पांढुर्ना जिले की सुप्रसिद्ध जामसांवली चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर पदयात्रा एवं नववर्ष को लेकर जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा ने मंदिर परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं मंदिर समति के पदाधिकारियों की बैइक ली। इस बैठक में कलेक्टर महोदय ने 30 दिसंबर को होने जा रही पदयात्रा और नव वर्ष पर भक्तजनों की तादाद को लेकर आवाजाही के दौरान सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए अनेक मुद्दों पर चर्चा कर व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश जारी किए।

### उचित पार्किंग व्यवस्था

कलेक्टर ने यातायात एवं पर्किंग व्यवस्था के लिए 30 दिसंबर से 1 जनवरी की रात्रि तक गोशाला के सामने प्रांगण में पार्किंग बनाने को कहा। मंदिर के मुख्य द्वार से वाहनों की आवाजाही पर रोक, दोपहियां वाहन के लिए मंदिर व एक निजी भूमि पर पार्किंग सुनिश्चित व्यवस्था कराए जाने को कहा। चूने से पार्किंग लेआऊट बनाने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बैठक व्यवस्था एवं अनाउंस के लिए सिस्टम तैयार करने के निर्देश दिए। पांढुर्ना से आनेवाले वाहनों के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने को कहा।

### सीसीटीवी लगाए जाए

मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी लगाकर नजर रखने और इसका कंट्रोल रूम मंदिर समिति के कार्यालय से संचालित करने को कहा। उद्घोषणा की आवाज पूरे परिसर में आवाज गूंजने के लिए उचित व्यवस्था बनाने को कहा। भक्तों के प्रवेश एवं दर्शन हेतु पुलिया के पास स्वागत द्वार व पंडाल लगाने और भीड पर नियंत्रण रखने के लिए जिग-जैग सिस्टम बनाने कहा। आयोजन के दो दिन पूर्व ही मंदिर परिसर एवं मुख्य मार्ग एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 29 दिसंबर से ही सफाई व्यवस्था सुदृढ किए जाने के निर्देश दिए।

### फायर व्यवस्था

मंदिर परिसर के पीछे, भंडारा स्थल और मुख्य द्वार पर पर्वत के समीप एक एक फायर वाहन रखना तय किया गया। मुख्य द्वार पर पार्किंग के समीप और भोजन स्थल पर वीईपी गेट के पास पानी टैंकर की व्यवस्था बनाने कहा गया।

### आपात चिकित्सा सुविधा

चिकित्सा व्यवस्था के लिए डॉक्टरों, स्टाफ एवं एंबुलेंस की व्यवस्था बनाने के निर्देश जारी किए गए। इन सुरक्षा व्यवस्थाओं में पुलिस सहित, मंदिर समिति के कर्मचारियों, कोटवारों, पटवारियों एवं वनरक्षकों का सहयोग लेने को कहा गया। चहुंओर प्रकाश व्यवस्था पर वशिष ध्यान रखने को कहा गया। इमरजेंसी के लिए जनरेटर का प्रबंध पहले से ही किए जाने को कहा गया। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने पांढुर्ना एवं सौंसर एसडीएम को बेहतर व्यवस्था बनाने एवं आपस में समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

## बजरंग दल ने दी स्कूल संचालकों को चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज, छिन्दवाड़ा।** बजरंगदल जिला सहसंयोजक नितेश पटेल ने बताया कि छिन्दवाड़ा जिले के अन्तर्गत आने वाले प्रायवेट स्कूलों में विद्यार्थियों के माता-पिता के बगैर अनुमति के सेंटा क्लॉज की ड्रेस ना पहनाए और किसी तरह की स्वीकृति व अनुमति ना दिलवाएं। अगर कोई कार्यक्रम होते हैं और इस तरह की आयोजन होते हैं तो बजरंग दल वहां पहुंचकर विरोध करेगा एवं संबंधित स्कूल संचालकों पर प्रशासनिक कार्रवाई भी करवाएगा। इस तरह के आयोजनों कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है इसके स्वयं जवाबदार स्कूल संचालक रहेंगे।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर, बच्चों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि भारत विकास परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सेवाकार्यों के लिये अग्रणी संस्था है अभी भारत विकास परिषद द्वारा ज़िले में शीतलहर के चलते निरंतर ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया जा रहा इसी परिप्रेक्ष में भारत विकास परिषद आज शासकीय प्राथमिक शाला सारना पहुँचा और प्राथमिक शाला में अध्ययनरत ज़रूरतमंद 91 छात्र छात्राओ को निर्मल चंद साहू जी के सहयोग से ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया गया इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री सत्येन्द्र ठाकुर ,प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकुल सोनी जी,जे जे बी बोर्ड के सदस्य श्यामलराव जी,राहुल साहू,अमिता बरैया जी,रोहित साहू जी,अमन जैन जी,नौमिता अनेजा जी,प्रियंका मंडाले जी ,अंजलि साहू जी,शाला की तरफ़ से कार्यक्रम प्रभारी संकुल प्रभारी आर सी बघेल जी,देवेंद्र सोनी जीशाला की प्राचार्य श्रीमति उमा खुशराम जी,मीता रघुवंशी जी अन्य शिक्षकगण और अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## उल्हावाड़ी-जमनियाकलां में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

जनपद पंचायत बिछुआ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी और जमनियाकलां में आयोजन हुए। जिसमें हितग्राहियों समेत ग्रामीणों को केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम आयोजन स्थल पर शासकीय विभागों के द्वारा स्टॉल के माध्यम से भी ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी बताई गई इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे, सरपंच बीजमा जयपाल बट्टी, संगम सानिया, जनपद पंचायत सीईओ सुरेश कुमार इंदौरकर, सचिव जयश्याम रत्ने, विष्णु प्रसाद शर्मा, जीवन सिंह ठाकुर, भोजेलाल वर्मा, सरोज जंघेला, अयोध्या सोनी, मुकुल ठाकुर, प्रमोद श्रीवास, रजत वानखेड़े, जितेंद्र सोनी, डॉ वर्मा, अरुण साहू, दौलत ठाकुर, संजू राजपूत, आनंद वर्मा समेत ग्रामीण जन और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत नागरे ने कहा की प्रदेश और केंद्र की सरकार अंतोदय की भावना को सर्वोपरि मानकर गरीबों का कल्याण में जुटी हुई है। तो वही जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने कहा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर केंद्र और राज्य की सरकार जन कल्याण में लगीं हुई है। इसके अलावा यह यात्रा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच रही है। योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंच रही है।

## बाज नहीं आ रहे मांस विक्रेता, नपा ने लगाया 5 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल साप्ताहिक बाजार के दिन नगरपालिका के स्वच्छता अमले ने खुले में मांस बेचने और ढांक कर नहीं रखने वाले विताओं के खिलाफ कारवाई करते हुए 5000 रू. जुर्माना वसूल किया। यहां उल्लेखनीय है पिछले बाजार के दिन ही स्वास्थ्य अधिकारी संजय कवडे और सहयोगियों ने खुले में मांस बेच रहे समस्त विक्रेताओं को कडी समझाईश दी थी और भविष्य मे शासन के नियमानुसार मांस बेचने को कहा था। लेकिन इस बार भी मांस विक्रेता म.प्र. शासन के नियमों की धज्जियां उडाते नजर आए। कुछ लोग खुले आम सुकर काटते दिखायी दिए, कुछ लोग मांस को बिना ढांके ही खुले में ही बेचते पाए गए और कुछ अन्य नियमों को हाशिए पर डालकर धंधा करते पाए गए। इस पर नगरपालिका के स्वास्थ्य अमले ने उचित कारवाई कर अलग अलग जुर्माने की पावतियां काटकर कुल 5000 रू. जर्माना इन अवैध व्यापारियों पर किया। नगरपालिका ने समस्त मांस विक्रेताओं से लाइसेंस बनवाने की अपील की है।

ए/7 वीं वाहिनी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम में विभिन्न सामग्रियों का वितरण

## ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए 7 वीं वाहिनी सदैव तत्पर: कपिंग गिल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ एवं ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिये लगातार सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किये जाते है और उन्हें जरूरत की सामग्रियों का वितरण किया जाता है ताकि उनकी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान भी रखा जा सके। इसी कड़ी में ए/7 वीं वाहिनी द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर को सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ए/07 बटालियन बहेला द्वारा बहेला, दरबड़ा, पंचमटोला एवं मुंशीटोला के ग्रामीणों को स्कूल बैग व युवाओं की क्रिकेट किट, फुटबॉल, फुटबॉल नेट, वालीबॉल एवं शरद ऋतु को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों को कम्बल तथा महिलाओं को साड़ी व शॉल एवं जरूरतमंद लोगों को पानी टंकी, स्टील मटका इत्यादि सामानों का वितरण किया गया। इस प्रोग्राम से लगभग 361 गरीब एवं जरूरतमंद लोग लांभावित हुए है। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों को जलपान कराया गया।

### नक्सल विचारधारा से हटकर मुख्य धारा से जुड़े ग्रामीण: गिल

कार्यक्रम पर उपस्थित जरूरतमंदो को संबोधित करते हुए भी कपिंग गिल (कमांडेन्ट) ने स्थानीय लोगों को बताया कि आप लोगों की सुरक्षा के लिए 07 वी वाहिनी सदैव तत्पर है। भारत सरकार द्वारा लगातार इस क्षेत्र में प्रगति की कार्य योजनाएँ सुचारू रूप से चलाई जा रही है तथा इन योजनाओं से सभी लोगों को लाभान्वित होना चाहिए। कार्यक्रम के समापन होने पर श्री कपिंग गिल (कमाण्डेन्ट) ने नक्सल विचारधारा से ग्रसित लोगों से मुख्यधारा में जुडने हेतु आवाहन किया तथा आश्वासन दिया कि 7वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार इस प्रकार का आयोजन भविष्य में भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान निरी. जीडी सुमित कुमार, निरी. डोमन सिंह मढ़ावी (थाना प्रभारी बहेला) एवं सरपंच ग्राम पंचायत बहेला श्रीमति सुनीता चौरागड़े एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### इस तरह के आयोजन सभी के लिये लाभदायक: सुनीता चौरागड़े

सिविक एक्शन कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम बहेला की सरपंच श्रीमती सुनीता चौरागड़े ने कहा की सीआरपीएफ द्वारा हमारे क्षेत्र में इस तरह कार्य लगातार किये जाते रहे है जिससे ग्रामीणों को बहुत लाभ मिलता है और जरूरत की सामग्री भी उपलब्ध हो जाती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सीआरपीएफ का बल हमेशा ग्रामीणों के सतत संपर्क में रहता है जिससे पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। आज 7वी वाहिनी सीआरपीएफ की टीम ने जो सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया है वह सराहनीय है।

## नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी के लिये उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गतिविधि प्रारंभ की गई है। देश के सभी डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को विकसित भारत के लिए सरकार के माई गवर्नमेंट पोर्टल पर पंजीकृत करने का अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय बालाघाट में नवप्रवर्तन, विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा अयोजित की गई। प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू राहंगडाले, श्रीमती अर्चना सोनी एवं श्रीमती संगीता राजपूत ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

सांसद ने 10 जेजेएम व एनएचएम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाँचने के दिये निर्देश

## विकसित भारत हमें ही करना है कोई और नहीं आएगा- सांसद ड़ॉ. बिसेन

### जल जीवन मिशन और एनएचएम के निर्माण कार्यों पर जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया



### खेलों के प्रति शासन का पूरा ध्यान वारासिवनी खेल मैदान पर आयोजित हो गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

क्षेत्रीय सांसद ड़ॉ. ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति की आयोजित बैठक में आम नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने विकास कार्यो की गति तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यो और व्यवस्थाएं सुधारने व वारासिवनी में 80 लाख रुपये की लागत से बने खेल मैदान के सम्बंध में कहा कि विकसित भारत हम सब को मिलकर करना है। बाहर से आकर कोई नही विकसित करने वाला है। इसमें उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी अपना योगदान देने का आव्हान किया। दिशा की बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वारसिवनी के खेल मैदान के सम्बंध में पालन प्रतिवेदन रखा गया। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने वारासिवनी की अध्यक्ष से कहा कि ग्राम पंचायत के माध्यम से भी इस मैदान पर खेल गतिविधियां बढ़ाये। शासन खेलो के प्रति बड़ी संवेदनशील है। खेलों इंडिया सहित अन्य छोटी-बड़ी खेल गतिविधियों का भी आयोजन इस मैदान पर करने को कहा है। इसके अलावा रमरमा और डोंगरगांव व गड़दा में ईको टूरिज्म विकसित करने के सम्बंध में भी निर्देश दिए है।

### जल जीवन मिशन की 321 योजनाएं हुई पूर्ण

दिशा की बैठक में लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने जल जीवन मिशन के तहत प्रचलित नवीन योजनाएं और रेट्रोफिटिंग की पूर्ण हुई योजनाओं के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कई गांव में रोड रेस्टोरेशन और समय पर पानी नही पहुँचने जैसी कई समस्याएं बताई। इस मामले में सांसद ड़ॉ. बिसेन ने संज्ञान लेकर कलेक्टर को निर्देशित किया। कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तुरंत 10 स्कूलों का रेंडमली सिलेक्ट कर सम्बंधित अधिकारियों, ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सत्यापन कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यो की समीक्षा के लिए पृथक से ठेकेदारों, विभागीय अधिकारियों और सरपंचों के साथ बैठक आयोजित करने को कहा है। सांसद ड़ॉ. बिसेन ने कहा कि ये योजनाएं आगामी 50 वर्षो के लिए योजनाएं है। इसका गुणवत्तापूर्ण होना सबसे आवश्यक है।

### एनएचएम के निर्माण कार्यो का सत्यापन होगा

दिशा की समीक्षा बैठक में सीएमएचओ ड़ॉ. मनोज पांडे ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो के सम्बंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी दी गई। इसमें कुल उन्होंने 3226.92 लाख रुपये की लागत से 30 विभिन्न कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी। इस दौरान मोहगांव और गोदरी के उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी करने के बारे में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया। साथ ही कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान निर्माण कार्य रोकने के लिए आपत्ति उठाने के बावजूद कार्य निरंतर चल रहा है। इसके बाद सांसद ड़ॉ. बिसेन ने सभी कार्यो के जांच के लिए निर्देश दिए है। कहा कि इसके लिए पीडब्ल्यूडी, आरईएस, एनएचएम और ठेकेदार के साथ ही जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर जांच करने के लिए कहा।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

जिला सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में डीएफओ श्रीमती मीना मिश्रा, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एडीएम श्री ओपी सनोडिया तथा जनप्रतिनिधियों में कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, खैरलांजी जनपद पंचायत अध्यक्ष माया दिनेश उइके, लालबर्रा जनपद अध्यक्ष देवीलता ग्वालवंशी,कटंगी जनपद अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख, किरनापुर अध्यक्ष श्री राणा कल्याण सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इन बिंदुओं पर हुई समीक्षा दिए निर्देश

दिशा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश सडक विकास निगम छिन्दवाडा, मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, वन वृत बालाघाट, महात्मा गांधी नरेगा, सांसद आदर्श ग्राम योजना, जनप्रतिनिधि शाखा विषयों की समीक्षा की गई।

शिव मंदिर बिसोनी में आयोजित बैठक में दी गई जिम्मेदारी

## उत्सव के रूप में मनाएंगे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दिन को विशेष तौर पर मनाने गांव-गांव में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है। साथ ही गांव गांव और शहर के हर मोहल्ले में बैठक कर इस दिन को उत्सव के रूप में मनाने तैयारी की जा रही है। अयोध्या से अक्षत कलश पहुंचने के बाद से ही विश्व हिन्दू परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ता 22 जनवरी को उत्सव के रूप में घर घर मनाने बैठक कर जिम्मेदारी तय कर चुकी है। साथ ही हर घर निमंत्रण देकर आयोजन के बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में लांजी नगर के से लगे ग्राम बिसोनी के शिव मंदिर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तय किया गया की 22 जनवरी को पूरे ग्राम में प्रत्येक घर में भगवा झंडे लगाए जाएं साथ ही हर घर में 11 दीपक जलाएं जाएं तथा अक्षत कलश के माध्यम से ग्राम तथा नगर के हर घर में निमंत्रण दिया जायेगा ताकि इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाया जा सके। बिसोनी शिव मंदिर में आयोजित बैठक में आलोक चौरसिया, देवेश एड़े, विजय गोस्वामी, पुरूषोत्तम कलपुरिया, अमित कर्राहे, खिलेश्वर कर्राहे, तेजेंद्र कर्राहे, विजय कुचलाहे, रवि गरूड़े, हेमेंद्र कर्राहे, राजकुमार कुचलाहे, बलवंत कर्राहे, महेंद्र रणदिवे, प्रेमेश्वरी कचलाहे, प्रमिला गरूड़े, जमुना कचलाहे, निलेश्वरी बनोटे, संतोष कुचलाहे, रूपलता कुचलाहे शामिल रहे।

## वारा रेल्वे क्रासिंग पर ट्रैन की चपेट में आया गाय का बछड़ा, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग में स्थित वारा रेल्वे क्रासिंग पर शनिवार 23 दिसंबर की दोपहर लगभग 1 बजे के आसपास एक गाय का बछड़ा चलती ट्रैन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था है।उक्त ट्रैन वारासिवनी से बालाघाट की ओर जा रही थी कि इसी दौरान वारा रेल्वे क्रासिंग पर यह हादसा हो गया।हादसे के तूरंत बाद ट्रैन चालक ने ट्रैन रोक दी और गंभीर रूप से घायल हुए बछड़े को रेल्वे ट्रैक से दूर करवाया।जिसके चलते कुछ देर तक ट्रैन घटनास्थल पर ही खड़ी रही घायल बछड़े को पैर सर सहित अन्य अंगों में चोट लगी है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक दिनेश छोटू बिसेन ने घायल बछड़े को पानी पिलाकर उसका प्राथमिक उपचार करवाया, हालांकि गहरी आंतरिक चोट लग जाने की वजह से बछड़े की हालत बेहद गंभीर थी।मिली जानकारी अनुसार कुछ देर बाद घायल बछड़े ने दम तोड़ दिया था। उक्त गाय के बछड़े का मालिक कौन है? यह पता नहीं चल सका है।पालतू मवेशियों के इस तरह ट्रैन की चपेट में आने का यह पहला मामला नहीं है।कुछ माह पूर्व ही वारासिवनी कटंगी रेल मार्ग पर लालबर्रा रोड पर स्थित रेल्वे क्रासिंग से कुछ दूरी पर ट्रैन की चपेट में आने से 2 गायों की मौत हो गई थी और उस समय भी रेल्वे द्वारा जुर्माना वसूले जाने के डर से मृत गायों के मालिक सामने नहीं आए थे।

गाय को हिंदू संस्कृति में पूजनीय माना गया है।ऐसे में अपने स्वार्थ के लिए पशुओं को पालकर इस तरह लावारिश छोड़ा जाना सीधे सीधे आस्था पर कुठाराघात करने जैसा है।नगर में इस तरह घूमते इन मूकबधिर पशुओं के लावारिश मालिको के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की दरकार है।

# कोरोना वैरिएंटः सर्दी, खांसी, बुखार को हल्के में न लें, ये लक्षण दिखते ही सीधे पहुंचे अस्पताल

**दिन और रात के तापमान में कई दिनों से आ रहे अंतर से लोग वायरल इन्फेक्शन से पीड़ित होने लगे है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वायरल के साथ सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण तेजी से बने हुए है। इसमें हर उम्र के लोग शामिल है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

हालात यह हो गए है कि इन दिनों ओपीडी में भी इन्ही मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह बुखार तीन दिनों तक अगर बना हुआ है तो, इसे हल्के में न ले। डॉक्टर से संपर्क करके अपनी बीमारी को बताए। यह कोरोना भी हो सकता है। पकई शहरों में



अब कोरोना के मरीज मिलने लगे है। ऐसे में यह बीमारी घातक भी हो सकती है।

## 25 फीसदी तक बढ़े मरीज

बदलते मौसम में थोड़ी सी लापरवाही से लोग मुसीबत में पड़ रहे है। पिछले कुछ दिनों से तेजी से बदले तापमान से 25 फीसदी तक मरीज इन्ही बीमारी से पीड़ित होकर ओपीडी में पहुंच रहे है। इसमें बच्चों के साथ बड़े भी परेशान हो रहे है। इसमें खास बात यह है कि परिवार के एक के साथ कई लोग चपेट में आ रहे है। डॉक्टरों की सलाह माने तो ऐसे मरीजों से दूर रहना काफी आवश्यक है।

## ऐसे करें बचाव

- घर में अगर किसी सदस्य को सर्दी, खांसी या सांस लेने में परेशानी आ रही है तो परिवार के दूसरे लोग को इससे बचना होगा।
- मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।
- बीमारी से बचाव के लिए ताजा खाना खाए।
- जहां तक हो सके गुनगुना पानी ही पिए।
- किसी भी ठंडी चीज खाने से परहेज करे।
- ठंडी हवाओं से बचाव करें।

## सतर्क रहें

सर्दी के दिनों में खासतौर से बुजुर्ग के साथ किडनी, हार्ट अटैक के मरीजों को विशेष सावधानी की जरूरत है। ऐसे लोगों को विशेष रूप से नियमित दवाओं के साथ अपनी देखरेख करना चाहिए। ऐसे लोगों को सर्दी से विशेष रूप से बचने की आवश्यकता है।

# फोन, सोशल मीडिया और नशा तोड़ रहा घर, महिलाओं के खिलाफ बढ़ी हिंसा

**ऐसे प्रकरणों के निराकरण और मदद में यह सेंटर महिला, युवती एवं बालिकाओं के लिए बड़ा आधार बन रहा है। घरेलू हिंसा के लिए छोटे-छोटे कारण जिम्मेदार हैं। लेकिन यह बडे.बनते जा रहे हैं।**

किसी के पति को महिला का बार-बार मायके फोन लगाना रास नहीं आया। कुछ घरों में सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रियता कलह पैदा कर रही है। कई महिलाएं दहेज के नाम पर प्रताड़ित हैं। विवाह से पहले के संबंधों से विवाद बढ़ रहे हैं। शराब का नशा झगडे.का बड़ा कारण है। लिव इन रिलेशनशिप भी ज्यादा नहीं चल पा रही। ऐसी कई वजहें हैं जो महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा का कारण बन रही हैं। इनके खिलाफ आवाज उठाने के कारण वन स्टाप सेंटर सखी में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जब यह सहन नहीं होती तो महिलाएं इनके खिलाफ आवाज उठाने में भी पीछे नहीं हैं। यही कारण है जिले में हर साल 500 से 800 प्रकरण दर्ज हो रहे हैं। सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा के रहते हैं। इसी प्रकार बलात्कार, लिव इन रिलेशनशिप, यौन अपराधों की संख्या भी लगातार बढ़ी है।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती से बहक रहे कदम

बालिकाओं के साथ शारीरिक एवं यौन शोषण के प्रकरण भी लगातार बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें शिकार बनाने की घटनाएं ज्यादा बढ़ रही हैं। लड़के पहले उनसे दोस्ती करते हैं, फिर कई तरह के प्रलोभन देकर उनका दैहिक शोषण करते हैं। ऐसी पीड़ित बालिकाओं के प्रकरणों में पुलिस के माध्यम से एफआइआर दर्ज कराई जाती है। वहीं उन्हें मानसिक रूप से फिर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने केलिए काउंसलिंग की जाती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से संचालित वन स्टाप सेंटर सखी एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करता है। पर्यवेक्षक सावित्री दुबे ने बताया कि पीड़ित को तत्काल आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सुविधाएं जैसे चिकित्सा, पुलिस, विधिक, मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं अस्थाई आश्रम की सुविधा दी जाती है।


# कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी चयन हेतु समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 में हो रहें (उपचुनाव) के लिये ''कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी चयन'' हेतु समिति का गठन किया गया है, समिति में संयोजकः-शिवराम सनोडिया उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, सह-संयोजकः-सूर्यनारायण सिंह बघेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ, सदस्यः-देवीसिंह चन्द्रवंशी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सिवनी, विपतलाल उइके अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बखारी, हरि जायसवाल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बंडोल, पंडित लोकेश शुक्ला अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगवानी, भीष्मप्रताप सिंह अप्पू ठाकुर सदस्य जनपद पंचायत सिवनी, जियन कुंजाम जनपद सदस्य, लोकेश ठाकुर जंघेला जनपद सदस्य को प्रत्याशी चयन समिति में रखा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला पंचायत वार्ड क्रं 01 के लिए, प्रत्याशी चयन समिति से कहा है कि 24 दिसम्बर 2023 की शाम 5 बजे तक जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में आप अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# भारत माता की महाआरती एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 25 दिसम्बर को

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



पूर्व प्रधानमंत्री श्रेध्यय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर विशेष आयोजनभारतीय राजनीति के अजात शत्रु कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्रेध्यय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की 99 जयंती के अवसर पर भारत माता की महाआरती एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा आयोजन कर्ता सुजीत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन को गांधी चौक शुक्रवारी बाजार में 25 दिसंबर 2023 को शाम 7:00 बजे से आयोजित किया जाएगा जिसमें सिवनी जिले से ही नहीं अपितु अन्य जिलों से भी महा आरती एवं विराट कवि सम्मेलन में सम्मिलित होंगे जिला साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉक्टर रामकुमार चतुर्वेदी एवं सचिव रमेश श्रीवास्तव चातक ने बताया कि महा आरती में शामिल होने वाले लोगों का तिलक वंदन पुष्पवर्षा डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है आयोजन समिति ने बताया कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का संचालन दिनेश देहाती महाराष्ट्र , आजाद वतन वर्मा सतना , भंवर सिंह धांसू छिंदवाड़ा , विनोद विद्रोही नागपुर , मुकेश मनमौजी छपारा , अम्बिका शर्मा सिवनी , विनोद सनोडीया अंजान अमरवाड़ा , रमेश श्रीवास्तव , जगदीश तपीश सिवनी का समावेश किया गया है इस आयोजन को सफल बनाने की आग्रह गणेश गुप्ता नटराज होटल एवं संजय जैन संजू की है आयोजन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे के मध्य आयोजन किया जाएगा अंत श्रोता बंधु समय का विशेष ध्यान रखें आयोजन समिति ने समस्त नागरिकों से समय पर अपना स्थान ग्रहण करने का निवेदन किया है ।

# अयोध्या से आये अक्षत कलश की पूजन एवं महाआरती संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 22 जनवरी अयोध्या जी में भगवान श्रीराम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा होना है इस निमित्त अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत कलश का आज सरस्वती उ.मा.विद्यालय सिवनी में पूजन एवं भव्य महाआरती का कार्यक्रम गणमान्य आमंत्रितजनों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अयोध्या से आए अक्षत कलश का भैया-बहिनों एवं आचार्य परिवार के साथ भैरोगंज क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में शोभायात्रा निकाली गई। तदोपंरात अक्षत कलश का बाजे-गाजे एवं पुष्प वर्षा के साथ विद्यालय में आगमन हुआ। विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सभी सम्मानीय सदस्यों, आचार्य परिवार, अभिभावकों द्वारा अक्षत कलश का पूजन, हनुमान चालीसा एवं संगीतमय महाआरती की गई। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा परिषद जिला सचिव सर्वश्री विनीत जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन जी त्रिवेदी एवं माधव जी दुबे बजरंग दल ने राम मंदिर के संदर्भ में अक्षत कलश का पूजन एवं इससे संबंधित जानकारी अभिभावकों एवं भैया-बहिनों को दी। अंत में प्रसाद वितरण के साथ भैया-बहिनों ने अक्षत कलश का पूजन-अर्चन किया।

# नये साल का स्वागत करने बड़ी संख्या में पेंच टाइगर रिजर्व में पहुंच रहे पर्यटक

**पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के साथ नये साल का स्वागत करने पर्यटकों के बड़ी संख्या में पहुंचने का सिलसिला निरंतर जारी है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




सफारी के दौरान पर्यटकों को रोमांचित करने वाले नजारे भी देखने को मिल रहे हैं। कोर एरिया के साथ बफर क्षेत्र में भी सफारी के दौरान पर्यटकों को वन्यजीव करीब से देखने को मिल रहे हैं। 22 दिसंबर शुक्रवार को तेलिया गेट से खवासा बफर की सफारी के दौरान बाघ और बाघिन को एक साथ देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। वन अधिकारियों के मुताबिक इतने करीब से बाघ-बाघिन को एक साथ देख पाना काफी दुर्लभ और मुश्किल होता है। हालांकि जिप्सी चालकों ने बाघ-बाघिन और पर्यटकों के बीच निश्चित दूरी बनाई रखी। पर्यटकों और जिप्सी चालकों ने अपने मोबाइल पर बाघ जोड़े के वीडियो व फोटो कैद कर लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। जानकारों के मुताबिक खवासा बफर क्षेत्र में फार मार्क नर बाघ व कोर क्षेत्र की बिन्दु बाघिन एक साथ देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। मेटिंग सीजन होने के कारण बाघ और बाघिन सहवास के लिए एकत्रित होते हैं। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह पेंच के रूखड़ बफर में बाघिन के साथ अठखेलियां करते दो नन्हें बाघ शावक दिखाई दिए थे। जिनकी तस्वीर पार्क प्रबंधन ने जारी की थी। मांद से मां के साथ बाहर निकले करीब चार माह उम्र के शावक जंगल में चहल कदमी और अठखेलियां करते दिखाई दिए थे। जन्म के बाद शावकों को बाघिन तीन-चार माह तक मांद (गुफा) में छिपाकर रखती है। दिसंबर के अंतिम पखवाड़े में पेंच जंगल की सफारी करने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। पेंच टाइगर रिजर्व में कोर एरिया के गेट एडवांस बुकिंग के कारण फुल हो चुका है। बिना एडवांस बुकिंग के जंगल पहुंचने वाले पर्यटकों को बफर की सैर के दौरान भी काला तेंदुआ, बाघ और दूसरे वन्यप्राणी आसानी से देखने को मिल रहे हैं। इससे पर्यटकों में खासा उत्साह है। नये साल में 8 से 10 जनवरी तक पेंच टाइगर रिजर्व में राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें पूरे मध्यप्रदेश से चयनित 400 से ज्यादा विद्यार्थी और मार्गदर्शी शिक्षक शामिल होंगे।

# नियमों का माखौल उड़ाते हुए चल रहे मॉल, मैरिज गार्ड व होटल, जिम्मेदार मौन

**शहर व उपनगरीय क्षेत्र में होटल, मैरिज गार्ड, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, स्कूल व कॉलेजों का निर्माण ना सिर्फ मनमाने तरीके से हुआ है बल्कि ज्यादातर भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के साधन नहीं हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

यदि हैं भी तो नाकाफी हैं। हैरानी की बात तो यह है कि भवनों में आपात निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। नेशनल बिल्डिंग कोड का भी पालन नहीं किया गया है। यह शहर में बगैर फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश पर नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के भाग-4 की कंडिका 1.2 के तहत नेशनल बिल्डिंग आने वाले भवनों मे अग्निशमन सुरक्षा उपायों को लागू करने, प्रावधान अनुसार उपकरणों की स्थापना करते हुए एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना आवश्यक किया गया है। सभी संस्थाओं को पूर्व में फायर एनओसी के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कारोबारियों ने ध्यान नहीं दिया है। शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने पर 500 रुपए की दर से राशि वसूली का प्रावधान किया गया है।

## पग-पग पर नियमों की अनदेखी

निजी स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग काम्पलेक्स, होटल, मैरिज गार्डन लोगों ने मनमाना चार्ज वसूल करते हैं, लेकिन सुरक्षा व सुविधा की जमकर अनदेखी कर रहे हैं। पग-पग में नियमों का माखौल उड़ रहा है। नगर नपा से स्वीकृत नक्शे को ताक पर रखकर स्वीकृत एरिया से ज्यादा में निर्माण कर लिया, जबकि कई भवनों के निर्माण में पार्किंग की जमीन पर भी निर्माण कर लिया गया। इतना ही नहीं सीलिंग की ऊंचाई, आसपास के भवन, विद्युत लाइन से दूरी का भी ध्यान नहीं रखा गया। कंपाउंडिंग के नाम पर भी जमकर मनमानी का खेल हुआ है। इनमें फायर प्लान, फायर ऑडिट रिर्पोट, इलेक्ट्रिक ऑडिट रिर्पोट, स्वामित्व, शपथ पत्र आदि की जमकर अनदेखी हो रही है।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विकासखंड कुरई जिला सिवनी में किया गया जिसमे विकास खण्ड समन्वयक अफ्शा खान द्वारा संकल्प यात्रा सहयोग पर चर्चा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की समीक्षा शासकीय योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई आजीविका मिशन से उपस्थित संत कुमार डहेरिया जी ने रोजगार संबंधित योजना की जानकारी दी एवं जितेंद्र कुमार सेकर्टी गार्ड द्वारा ग्राम में महिला सुरक्षा की जानकारी दी गई एवं समितियों के कार्य की विकासखंड समन्वयक द्वारा समीक्षा की गई एवं आओ बनाए अपने मध्य प्रदेश के 09 बिदुओ पर चर्चा की गई। इसमें नवांकुर संस्था से अविनाश अहरवाल , सबा तरन्नुम यासमीन खान ,श्री सुभाष चंदोरे जी, सुषमा ठाकुर,शिवकुमारी बरमैया ,एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि उपास्थित रहे।

# आज के परिप्रेक्ष्य में गीता सबसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ हैः निर्विकल स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दुःख की आत्यंतिक निवृत्ति और परमानंद की प्राप्ति ही मोक्ष है, मोक्ष होने पर निरतिसुख की प्राप्ति होती है और इसे प्राप्त करने के लिए गीता-सुगीता करना चाहिए अर्थात भगवद्गीता को अर्थ सहित भलीभाँति समझ कर अपने अपने जीवन में उतारना चाहिए। उक्ताशय के उदगार स्मृति लॉन में गीता जयंती महोत्सव में गीता मनीषी पूज्य ब्रम्हचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने गीता सत्संग के दौरान व्यक्त किये प्रवचन माला की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए निर्विकल्प जी ने कहा कि कलियुग में आलस्य बहुत हो जाएगा यह सोच कर भगवान ने सरलता से ज्ञान प्राप्ति के लिए अर्जुन को माध्यम बना कर सारे वेद शास्त्रों का सार गीता के रूप में मोक्षदा एकादशी के दिन कुरुक्षेत्र की भूमि में पांडव रूपी सद्वृत्ति और कौरव रूपी दुरवृत्ति के बीच प्रस्तुत कर दिया। भगवान के मुख कमल से यह ग्रन्थ प्रकट हुआ है भगवद्गीता एक मात्र ऐसा ग्रन्थ है जिसकी जन्म जयन्ति मनाई जाती है, साक्षात कृष्ण ही गीता के रूप में प्रकट हुए हैं यह भगवान की वांग्मय मूर्ति है, गीता एक दर्शन है जिसके फलस्वरूप जीव अपने स्वभाविक स्वरूप को जान लेता है, उसी को जानने के लिए गीता का यह छटवां अध्याय जिसने आत्म संयम योग का संदेश भगवान ने दिया था यही इस वर्ष सत्संग का विशेष विषय है, जिस पर ही यह सप्त दिवसीय आयोजन गीता पराभक्ति मंडल के यजमानत्व में चल रहा है। निर्विकल्प जी ने बताया कि अर्जुन के मन में जब विषाद हुआ तब श्रीकृष्ण ने उन्हे गीता के द्वारा कर्तव्य बोध कराया, विषाद को जो प्रसाद के रूप में बदल दे वही भगवद्गीता है, पूज्य ब्रम्हचारी जी ने बताया कि हमारा मन ही अर्जुन है और कृष्ण जगतगुरु, विचलित मन को गुरु ही बोध कराते हैं। आदि शंकराचार्य जी ने अपनी रचना चरपट मंजरी में भी लिखा है गाने के लिए सबसे उत्तम यदि कुछ है तो वह भगवद्गीता और विष्णुसहस्रनाम है हमे विचार करना चाहिए कि हमारा ज्ञेय,ध्येय,न्येय और देय क्या है।अपने अपने क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का पालन करने से हमारा अन्तःकरण पवित्र हो जाता है और पवित्र अन्तःकरण ही भगवदप्राप्ति या मोक्ष का कारण होता है, इस स्थिति को प्राप्त करने के लिए भगवद्गीता की परम आवश्यकता है यही सोच कर भगवान ने लोक कल्याण की इच्छा से अर्जुन के मन में संशय पैदा कर दिया ताकि गीता का प्राकट्य हो सके, अर्जुन और कृष्ण एक दूसरे की आत्मा है वे साक्षात नर नारायण हैं कृष्ण ने स्वजन मोहनी माया से अर्जुन को मोहित कर दिया और अट्ठारह भुजाओं वाली भगवती गीता महारानी प्रकट हो गई जिससे जन जन का कल्याण हो गया, गीता हमे सिखाती है धैर्ययुक्त बुद्धि से ईश्वर का चिंतन करें आत्मस्वरूप में स्थित होने से बढ़कर कोई लाभ नही, संसारिक सुख में तो दुःख,भय और रोना इनकी मिलावट होती है, इस संसार में मन का निग्रह ही सबसे बड़ा काम है जिसने अपने मन को वश में कर लिया उससे बढ़कर कोई नही और चित्त का निग्रह करना है तो गीता का श्रवण करना चाहिए । आज 24 दिसम्बर रविवार को गीता जयन्ति समारोह का विश्राम दिवस है अतः सभी श्रद्धालु भक्तो से अनुरोध है कि कथा स्थल स्मृति लॉन पहुँच कर धर्म लाभ अर्जित करें।

## गुरू भक्ति का अनुकरणीय पैगाम लिये सिवनी से विदा हुए मुनि युगल

# उत्तर प्रदेश के राजकीय एवं अयोध्या राममंदिर के विशिष्ट अतिथि जैन मुनिराज के साथ अनर्गल प्रलाप निंदनीय : मुनि प्रणीतसागर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विगत चातुर्मास दिवसों मेंअनायास अकारण हुई जैन समाज के आराध्य कहे जाने वाले दिगंबर जैन मुनिराजो पर घोर उपसर्ग के रूप में अनेक अशोभनीय घटनाएं भारत वर्ष की पवित्र गुरुवादी भूमि पर असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत ऐसा लगता है पूरी योजना के तहत रची गई हों ।

चाहे कर्नाटक का बहुचर्चित जैन मुनि का नृशंस हत्याकांड हो । कटनी में चातुर्मासरत जैन मुनि आस्तिक्यसागर महाराज की धर्म सभा में अनर्गल प्रलाप हो या इसी क्रम में ऐतिहासिक ताज नगरी आगरा में उत्तरप्रदेश सरकार के विशेष राजकीय अतिथि के रूप में विराजित संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर जी महाराज जिन्हे विगत दिवस ताजगंज ताजमहल प्रवचनों के ऐतिहासिक क्षणों में विश्व हिंदु परिषद के पदाधिकारियों ने अयोध्या राम मंदिर का विशिष्ट अतिथि का निमंत्रण पत्र प्रदान करते हुए आमंत्रण दिया था। ऐसे दिगंबर जैन मुनि सुधासागर जी महाराज पर विगत दिवस आहार चर्या के काल में आसिफ नाम के विधर्मी द्वारा अकारण ही सार्वजनिक मार्ग पर अनर्गल अशोभनीय प्रलाप कर दिगंबरत्व पर कटु निंदनीय टिप्पणी की गई। समाज के उग्र विरोध पर पुलिस प्रशासन द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया। सिवनी सकल गुरूवादी जैन समाज को आहवान कर मुनि श्री प्रणीतसागर महाराज ने कहा कि यदि किसी धर्म विशेष के धर्म गुरू विधर्मियो से सुरक्षित नहीं है तो वह धर्म संस्कृति भी अधिक दिन तक सुरक्षित नहीं रह सकती । साधु संत तो क्षमावान होते है निश्चित रूप से महाराज श्री ने उसे क्षमा कर भी दिया हो किंतु समाज का कर्तव्य है निंदनीय घटना की पूर्ण जांच पड़ताल कर उसकी तह में जाए यदि आज इन घटना क्रम को रोका नहीं जायेगा तो भविष्य में सभी गुरूवादी संस्कृति परंपराओं पर संकट के बादल मंडराने लगेंगे। अब समाज को चाहिए कि कम से कम आहार निहार और बिहार इन तीन स्थितयो में अपने साधु एवं गुरू जनों के साथ एक समूह रूप में एक जुट रहें क्योंकि देखने आ रहा है इन स्थितियों के काल में ही विधर्मी अवसर पाकर घात लगाते है।

## कांग्रेस ने किया धरना आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा एवं राज्य सभा के 146 सांसद सदस्यो को भाजपा सरकार द्वारा संसद से निलंबित करने को लेकर 22 दिसम्बर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा नगर पालिका परिसर के सामने एक विशाल धरना आंदोलन किया गया, जिसमें बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी उपस्थित होकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ धरना आंदोलन किया। उक्त धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करने पर आमादा है संसद में जनहित के मुद्दो को उठाने पर भाजपा सांसदो के उपर निलंबन जैसी कार्यवाही करती है

# बादल छंटने से ठंड ने फिर पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात के बनने से अरब सागर से नमी आने का सिलसिला कम हो गया है। इस वजह से बादल छंटने लगे हैं और रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। उधर धूप निकलने से अब दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है, जबकि दिन के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

## कम हुई नमी

बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इस चक्रवात से एक द्रोणिका भी संबद्ध है। इस मौसम प्रणाली के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। हवाओं में नमी कम होने के कारण बादल छंटने लगे हैं। इस वजह से रात के तापमान में गिरावट होने लगी है।

## बढ़ेगा दिन का तापमान

अरब सागर पर चक्रवात अभी भी मौजूद है, लेकिन उसका असर अब मध्य प्रदेश पर नहीं है। इस वजह से आसमान साफ होने लगा है। धूप निकलने के कारण अब दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। हवाओं का रुख भी उत्तरी-पूर्वी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं से रात में सिहरन और बढ़ने की संभावना है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो दिन तक बना रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### आज इन गावों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को बैहर जनपद के ग्राम कदला व माना, परसवाड़ा के ग्राम कोरजा व मचगांव, लांजी के ग्राम सावरीकला व उमरी, कटंगी के ग्राम अर्जूनी व सेलवा, बालाघाट के ग्राम अरनामेटा व चमरवाही, वारासिवनी के ग्राम मुरझड़ व सरडी, किरनापुर के ग्राम किरनापुर व जानवा, खैरलांजी के ग्राम नवेगांव-3 व बकोडी, बिरसा के ग्राम बाहकल व सायल और लालबर्रा जनपद के ग्राम घोटी व टेंगनीकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

### विक्रेता पर 5 हजार जुर्माना

# यातायात विभाग की कार्रवाई : तेज आवाज वाले साइलेंसर जब्त कर रोड रोलर से कुचले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में यातायात पुलिस ने तेज आवाज के लिए लगाए जाने वाले 11 साइलेंसर जब्त किए थे। इस मामले में न्यायालय ने सायलेंसर विक्रेता पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। विक्रेता को न्यायालय उठने तक की सजा दी है। जब्त किए गए 11 साइलेंसरों को यातायात विभाग की टीम ने रोड रोलर से नष्ट किया।



यातायात थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कानफोड़ू साइलेंसर के कारण अक्सर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ऐसे साइलेंस बेचने और लगाने वालों पर 17 मई को कार्रवाई की थी। इसमें नगर के रानी अवंतीबाई चौक स्थित माहुले ऑटो मोबाइल पर दबिश दी। यहां दबिश से 11 साइलेंसर जब्त किए थे। इसमें दुकान के मालिक हितेश पिता रामआसरे माहुले पर प्रकरण दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय ने दुकानदार को दोषी पाते हुए हितेश माहुले को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। उस पर 5 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। टीम ने साइलेंसर को 23 दिसंबर को न्यायालय परिसर में नष्ट किया। यातायात थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि अब तक इस मामले में यातायात पुलिस ने 47 वाहनों पर कार्रवाई की है। इसमें 58 हजार 8 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया है।

# सरेखा ओवरब्रिज निर्माण के लिये यातायात बंद करने से पूर्व कलेक्टर एसपी करेंगे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शहर के निर्माणाधीन ओवरब्रिज सरेखा रेलवे क्रासिंग के अंडरब्रिज का निर्माण के लिये यातायात बंद किया जाना है। इसके लिये कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि रेलवे द्वारा बताया गया कि अंडरपास और ओवरब्रिज दोनो एक साथ कार्य करना चाहता है। इसके लिये बायपास सर्विस रोड व गोंगलई रोड की फिलिंग करना आवश्यक है। रेलवे द्वारा यहां दो तरह के अलग-अलग पिल्लर बनाना प्रस्तावित किया है। वहीं पीडब्ल्यूडी ने डेंजर रोड पर कार्य पूर्ण करने के लिये अभी 10 दिन का समय मांगा है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिये वे स्वयं एसपी श्री समीर सौरभ अपने अमले के साथ विजीट करेंगे साथ ही पृथक कसे बस और ट्रक ऑपरेटर्स के साथ बैठक में ही निर्णय करेंगे। साथ ही डेंजर रोड के चौड़ीकरण को लेकर भी सांसद डॉ. बिसेन ने निर्देश दिये है।

### बैठक में इन बिंदुओ पर हुई विस्तार से चर्चा

सरेखा ओवरब्रिज निर्माण के ट्राफिक डायवर्सन संविधान चौक होते हुये बैहर रोड से अवंतिबाई चौक, पीपल चौक कोसमी से लेकर बायपास संविधान चौक, बैहर रोड एवं अवंतिबाई चौक तक का अतिक्रमण हटाया जाना आदि प्रस्तावित किया गया है। साथ ही नो इंट्री के समय ट्रक, डम्पर, ट्रेक्टर, मिक्सर, मशीन व अत्यावश्यक सेवाओं के वाहनों को अनुमति नगर पालिका और एसडीएम तथा डीएम द्वारा दी जा रही है। इसमें असमंजसता की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिये नो इंट्री की अनुमति अब किसी एक अधिकारी द्वारा दी जायेगी। इस तरह शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर करीब 14 बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सरपंच ने हड़प ली थी संबल योजना की राशि

# सरपंच ने लौटाई आदिवासी पीड़ित महिला को राशि

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत सादाबोड़ी सरपंच जितेन्द्र नेवारे ने विभागीय और पुलिसिया कार्रवाई से बचने के लिए आखिरकार आदिवासी विधवा महिला भागवंती लाखन सलामे से वसूली गई 30 हजार रुपए की राशि लौटा दी है. सरपंच ने करीब एक सप्ताह पहले ही महिला को यह राशि लौटाई है और एक कागज में बकायदा महिला को राशि वापस किए जाने की लिखा-पढ़ी की है जिसमें गांव के 05 लोगों के हस्ताक्षर है. दरअसल, बीते दिनों हमने ही समाचार के जरिए आदिवासी महिला के साथ सरपंच द्वारा संबल योजना की राशि मिलने पर की गई ठगी को प्रमुखता से सामने लाया था. उम्मीद की जा रही थी कि इस मामले के सामने आने के बाद विभागीय अधिकारी सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करेंगें लेकिन भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों ने तो कोई कार्रवाई नहीं की किन्तु मामले की मीडिया में सुर्खियां बनने के बाद सरपंच ने अपनी लाज बचाने के लिए महिला के घर जाकर उसे राशि वापस की. आदिवासी महिला ने मीडिया का आभार व्यक्त किया है।

आज भी संबल योजना के नाम पर ग्रामीण अंचलों में हितग्राहियों को ठगने के लिए एक पूरा गिरोह सक्रिय है. जो संबल योजना के प्रकरणों की राशि शीघ्र दिलाने का झांसा देकर हितग्राहियों से मोटी रकम वसूल रहे है. कई मामलों की शिकायतें अफसरों के



पास लंबित पड़ी है जानकर ताजुब होगा कि झांसा देने वाले में सरपंच-सचिव से लेकर कई ठग शामिल है. ऐसे लोगों के जो हितग्राही झांसे में नहीं आते उनके प्रकरण अब भी जनपद कार्यालय में लंबित होने की जानकारी भी सामने आ रही है. कई प्रकरणों को ठगों के द्वारा स्वीकृत करवाया गया है और हितग्राहियों से मोटी रकम वसूल की गई है. जनपद स्तर से कई बार प्रकरण के खारिज किए जाने से साफ पता चलता है कि इन प्रकरणों को जानबूझकर खारिज किया जाता है ताकि हितग्राहियों से मोटी रकम वसूली जा सके. बताया जाता है कि कुछ लोग है जो सीधे हितग्राहियों के घर जाते है. इन्हें हितग्राहियों की जानकारी कैसे मिलती है यह भी एक बड़ा सवाल है. सादाबोड़ी की जिस आदिवासी महिला के साथ सरपंच ने ठगी की है वह महिला निरक्षर है. शायद यहीं वजह है कि महिला के साथ सरपंच ने आसानी से ठगी कर ली. फिलहाल महिला को राशि वापस मिली है जिससे वह तो खुश है लेकिन अफसरों ने महिला की शिकायत मिलने के बावजूद भी आज तक सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की इससे तो यहीं पता चलता है कि जनपद के अधिकारियों को भी सरपंच को संरक्षण प्राप्त है इसलिए इस मामले पर कार्रवाई करने से बचा जा रहा है।

### अतिथि शिक्षक के घर में लग रहा स्कूल

# तीन साल से नहीं बन सका भवन, खुले आसमान के नीचे बैठने मजबूर नौनिहाल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल अंतर्गत आने वाले अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित ग्राम धीरी में स्कूल भवन नहीं है। इससे प्राथमिक स्कूल अतिथि शिक्षक कालूराम सिरसाम के घर लगाया जा रहा है। अभी मौसम खुला है, तो कक्षा खुले आसमान में लगाई जा रही है। यहां प्रभारी प्रधानपाठिका दुर्गेश पटले और अतिथि शिक्षक कालूराम सिरसाम बच्चों को पढ़ा रहे है।



दूरस्थ वनग्राम धीरी के बच्चों के लिए भले ही प्राथमिक शाला भवन नहीं हो, लेकिन उनका पढ़ाई का स्तर विपरित हालत में भी कम नहीं है। सामान्य स्तर में थोड़े सुधार की जरूरत है, लेकिन बच्चो में पढ़ाई की ललक ऐसी कि वह खुले आसमान के नीचे भी पढ़ाई करने स्कूल पहुंचते है।

प्राथमिक शाला धीरी की प्रभारी प्रधानपाठिका दुर्गेश पटले का कहना है कि शाला भवन नहीं होने से शाला का संचालन अतिथि शिक्षक के घर पर कर रहे है। भवन को लेकर जानकारी पर उनका कहना है कि 2021 में प्लींथ तक काम हो सका है, लेकिन एक साल से काम बंद है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को लेकर अब कलेक्टर और डीईओ से चर्चा करेंगे।

संकुल प्राचार्य लिल्हारे की माने तो 2019-20 में प्राथमिक शाला भवन स्वीकृत किया गया था, लेकिन प्लींथ बनने के बाद से काम पूरी तरह से बंद है। काम बंद हुए लगभग एक साल हो गया है। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी यहां अध्ययनरत बच्चों की पढ़ाई सामान्य है, जिसमें सुधार की जरूरत है।

### स्कूल पहुंच मार्ग भी दूभर

इतना ही नहीं ग्राम धीरी तक जाने के लिए ना सड़क है ना गांव में बिजली। बताया जाता है कि करीब चार साल पहले शिक्षा विभाग ने स्कूल भवन स्वीकृत किया था। इसमें कक्षा एक से लेकर 5वीं तक कक्षाएं संचालित होनी थी। जिसकी राशि जारी होने के बाद स्कूल भवन अब तक पूर्ण नहीं हो सका है।

महिला शिक्षिका की माने तो भवन को लेकर प्रयास के बावजूद सारे प्रयास असफल रहे। महिला शिक्षिका का कहना है कि गांव में आने के लिए रास्ता नहीं है। 20-25 किलोमीटर दूर से संघर्ष करते हुए यहां पर आना पड़ता है। मेरे अलावा यहां पर एक अतिथि शिक्षक भी है। स्थिति यह है कि पांचवीं कक्षा पास करने के बाद यहां के बच्चे गांव के बाहर पढ़ने नहीं जा पाते और उनके परिजन भी उन्हें पढ़ने के लिए बाहर नहीं भेजते।

### वन समिति अध्यक्ष ने कलेक्टर और डीएफओ से की शिकायत

# सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर उपजा विवाद

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोथवा में मध्य प्रदेश लघु वनोपज के मद से सामुदायिक भवन का निर्माण होना है. शनिवार को विठ्ठल रूखमाई मंदिर के पास में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए नाप-जोप शुरू हुआ वैसे ही यह कार्य विवादों में आ गया. वन समिति बोथवा के अध्यक्ष हरीश तांडे और बसपा नेता अनिल उके ने सामुदायिक भवन स्थल चयन को लेकर विरोध जताया है और अन्य स्थान पर भवन निर्माण कराने की मांग की है. दरअसल, अभी जिस मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण के लिए नाप-जोप किया गया है उस मंदिर के ठीक बगल में पहले से ही एक सामुदायिक भवन बना हुआ है. जिसके चलते अन्य स्थान पर नवीन सामुदायिक भवन बनाने की मांग की जा रही है. वन समिति अध्यक्ष और सदस्यों ने बकायदा इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों से पत्राचार भी किया है. वन समिति ने बताया कि जहां





नया भवन बनाया जा रहा है वहां पेड़ों को भी काटा गया है।

वन समिति बोथवा के अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर के पास जो सामुदायिक भवन बना हुआ है उसका उपयोग हो रहा है लेकिन इस सामुदायिक भवन पर कुछ चुनिंदा लोगों ने अपना अधिकार जमा कर रखा हुआ है. वह अपने मनमुताबिक ही इसका उपयोग करते है इसीलिए अब जो नया भवन बन रहा है उसे अन्य स्थान पर बनाया जाए ताकि गांव के सर्व समाज के लोगों को इसका फायदा मिले. शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर, डीएफओ के अलावा वन परिक्षेत्र अधिकारी के इस मामले को लेकर पत्र लिखा लेकिन इन शिकायती पत्रों पर अधिकारियों ने विचार नहीं किया और इससे पहले ही निर्माण कार्य के लिए नाप-जोप की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई. वहीं जिस स्थान पर निर्माण किया जाना है वहां हरे पेड़ों को भी काटा गया है हालांकि जब इस मामले में डिप्टी रेंजर ओ.पी.जगने से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं ने विभाग में आवेदन किया होगा लेकिन उन्हें परिक्षेत्र कार्यालय से ऐसा कोई आदेश अब तक नहीं मिला कि मौके का सत्यापन करें. पेड़ों को नहीं बल्कि झाड़ियों को साफ करवाया गया है जहां निर्माण हो रहा है वह वन भूमि नहीं है।

वन समिति बोथवा के अध्यक्ष हरीश तांडे ने बताया कि नवीन सामुदायिक भवन निर्माण के स्थान परिवर्तन की मांग हमने अधिकारियों से की थी लेकिन डिप्टी रेंजर अपनी दबंगई दिखा रहे है. उन्होंने कहा कि जहां नया भवन बन रहा है उसके पास पहले से ही एक सामुदायिक भवन बना हुआ है इसलिए स्थान परिवर्तन की मांग की जा रही है. बसपा नेता ने बताया कि नवीन सामुदायिक भवन बनाने के लिए जिस स्थान पर पेड़ों को काटा गया है वहां सरकारी पैसों से पेड़ लगाए गए थे जहां आज वृक्ष का रूप ले चुके थे लेकिन वन विभाग के अधिकारी की मिलीभगत से पेड़ों को काटा गया है. उन्होंने लघु वनोपज समिति के जिलाध्यक्ष रामेश्वर बिसेन पर पेड़ों को कटवाने का आरोप लगाया है।

### मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता: बुराहनपुर में बालाघाट को हराया

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 23 दिसंबर को एफसी बुराहनपुर बनाम पुलिस ब्वायज बालाघाट के बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ में बतौर अतिथि नपा सभापति खगेश कावरे, कैट अध्यक्ष शंकर टेकलीवाल, पार्षद राज हरिनखेड़े, समाजसेवी ऋषभ वैद्य, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, गणेश अग्रवाल, आकाश वैश्य, विनायक सिंह मार्को, गुड्डा दुबे, पी.एन तिवारी, रजनीश वर्मा उपस्थित थे। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में खेले गए इस मैच में एफसी बड़वानी और पुलिस ब्वायज बालाघाट के बीच खेले गए मैच, में एफसी बुराहनपुर ने 5-0 से पुलिस ब्वायज को पराजित कर पाईंट टेबल में तीन अंक हासिल किए। गौरतलब हो कि जिले में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से मध्यप्रदेश फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश की 06 टीमें हिस्सा ले रही है, जिनके बीच लीग के 30 और सुपर-04 के 06 मैच खेले जाएंगे।

### उपार्जन की निगरानी और डेटा संधारण के लिए नियुक्ति

**बालाघाट।** उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन की दृष्टि से कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 124 में जिला उपार्जन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिले में धान उपार्जन के दौरान कृषकों एवं एवं खरीदी केन्द्रों की समस्याएं व शिकायतें दर्ज करने, उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की मांग, उपार्जित धान की दैनिक खरीदी मात्रा, तौल, डब्ल्यूएचआर, परिवहन एवं स्वीकृत मात्रा की जानकारी प्राप्त करने, मंडी समितियों एवं उपार्जन नोडल अधिकारियों से जानकारी संकलित करने, मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर परिवहन के लिये ट्रकों की प्रतिदिन उपलब्धता, सीमावर्ती उपार्जन चेकपोस्ट्स पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों का लाइव पर्यवेक्षण करने एवं चेकपोस्ट पर संधारित आगमन-निर्गमन पंजी के अनुसार अन्य राज्यों/जिलों से आयतित कृषि उपज धान व परिवहन की दैनिक जानकारी प्राप्त करने के लिये कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की नियुक्ति की है। कंट्रोल रूम में निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों को समयानुसार कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है

#### कंट्रोल रूम में कार्य करने वाले कर्मचारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एक आदेश के माध्यम से कई ऑपरेटरों को नियुक्त किया है। इनमें डीएनसीसी आपरेटर श्री संजय भास्कर, सुश्री रक्षा ठाकुर, श्री मनीष वासनिक, श्री विवेक लिल्हारे, श्री मानसिंह मस्करे, श्री निखिल गेडाम, वाहन चालक श्री रमेश रामटेक्कर, प्रगणक कु. विशाखा गढपाले, सहायक ग्रेड-3 श्री रामरतन इनवाती, कर्मशाला निर्देशक श्री आरपी मेश्राम, मत्स्य निरीक्षक श्री व्हीके मेश्राम, उद्यान शाखा के श्री नेगीराम साहू, सहायक ग्रेड-3 श्री शंशांक मेश्राम, कर्मशाला निर्देशक श्री बैशाखू मरकाम, योजना शाखा के श्री लक्ष्मीचंद बहेटवार, प्रगणक श्री मौसम कोडापे और सहायक ग्रेड-3 श्री संतोष पटले को कंटोल रूम में प्रतिदिन अपने समय पर उपस्थित होकर उपार्जन केंद्रों, चेकपोस्ट व मिलर्स संबंधी विभागों से जानकारी संकलित करने, पंजी संधारित करने, रिपोर्ट तैयार करने एवं उपार्जन संबंधी इन सभी कार्यो की सतत निगरानी करने की दैनिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

### आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**बालाघाट।** वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुये शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाईन एडमीशन फीस, ऑनलाईन परीक्षा फीस का भुगतान करने की व्यवस्था बनाई गई है जिसके भुगतान के लिए पोर्टल, क्योक्स, सीएससी एवं अन्य एजेन्सीयों को सेवाऐं प्रदान करने हेतु अधिकृत किया गया है। शासन ने उक्त सेवाऐं देने के लिए पोर्टल शुल्क भी निर्धारित है जो उपभोक्ता को देना होता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वर्ष में अनेक बार ऑनलाईन भुगतान करने के लिए अधिकृत केन्द्र पर जाना होता है। अनेक अधिकृत केन्द्रों पर भुगतान राशि एवं पोर्टल शुल्क के अलावा अधिक राशि की मांग की जाती है संचालक यह राशि प्रिंटिंग चार्ज, ट्रांजेक्शन चार्ज के नाम लेते है। जिसे विद्यार्थी जानकारी के अभाव में दे देते है यह अतिरिक्त राशि 20 से 100 रूपये तक वसूल की जाती है ? अधिकृत केन्द्रों पर शिकायत अधिकारी का संपर्क नंबर भी नहीं दिया होता ऐसे में विध्यार्थी जीवन में उपभोक्ता के रूप में अपना आर्थिक शोषण करवाते है।

# अति संवेदनशील वनांचल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड में 52 परिवार एवं बच्चों को स्टेशनरी किट का वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

23 दिसंबर 2023 को अति संवेदनशील क्षेत्र तहसील बैहर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पाथरी मे शासकीय माध्यमिक शाला मे आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जनसहयोग से चयनित 52 बैगा बच्चों को स्टेशनरी किट एवं कम्बलो का वितरण किया गया, ताकि वह इस कड़ाके की ठंड से निजात पा सके। ठंड से ठिठुर रहें जरूरत मंदों को कम्बल प्रदान किये, कम्बल मिलते ही बैगा आदिवासी गरीब परिवारों के चेहरे खिल उठे। साथ ही साथ हमने बच्चों को शिक्षा, स्वस्थ जीवन शैली, पर्यावरण, एवं उनके अधिकारों के बारे में विशेषज्ञ द्वारा जानकारी दी गई, एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अशोक गजभिये, गौरीशंकर नीमजे, मनीषा खोबरागड़े, सुखचंद मेश्राम, पंचेश्वर सर, सी. एल धुर्वे,अशोक यादव, संदीप वैद्य एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। दानदाता मयूर वाहाने, श्रीमती स्नेहल खोब्रगड़े, बिंदु मेश्राम, सविता खंडवाहे, ज्योति बेले, सरोज रामटेक, कविता चौहान, दिग्विजय रहाँगड़ाले, रंजीत फूलमारी, शामा बांसोड़, कंचन वासनिक एवं समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हैं।

### मृतक के परिजनों ने दामाद पर लगाया दहेज माँगने का आरोप

# दहेज की मांग से परेशान होकर नवविवाहिता ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टेकाड़ी में अपने ही घर के कुए में कूदकर एक नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से हालाकि पुलिस को कोई सुसाईड नोट नही मिला हैं। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं, वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया हैं।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोशनी पटले का विवाह एक वर्ष पूर्व ग्राम पनबिहरी निवासी दिलीप बिसेन के साथ हुआ था। तभी से दिलीप बिसेन अपनी पत्नी को मारपीट कर उससे मायके से दहेज लाने को कहता था, दहेज नही लाने पर वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर रोशनी अपने मायके टेकाड़ी चली जाती थीं। शुक्रवार की दोपहर दिलीप ने अपनी पत्नी रोशनी को मायके ग्राम टेकाड़ी छोड़कर अपने घर पनबिहरी वापस आ गया था। इसी बीच शाम के समय रोशनी ने कुए में कुदकर आत्महत्या कर ली। ज़ब मृतक रोशनी की माँ ने उसे घर में ढूंढने का प्रयास किया, तो वह नही दिखी। ज़ब वह कुए में पानी भरने गई, तो उसने रोशनी के शव को पानी में तैरता हुआ देखा। जिसके बाद इसकी जानकारी पड़ोसियों व वारासिवनी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुए से शव को बाहर निकलकर परिजनों के बयान दर्ज कर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया हैं।

### दहेज के लिए दिलीप बिसेन करता था परेशान : गुलाब पटले



मृतक रोशनी के पिता गुलाब पटले ने बताया की शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे मेरे दामाद दिलीप बिसेन ने मेरी बेटी रोशनी को मेरे घर में लाकर छोड़ दिया था। कुछ देर तक दोनों की बाते होती रही और दिलीप चला गया। दामाद के घर पहुंचने के पहले ही मेरी बेटी ने कुए में कुदकर आत्महत्या कर ली। मेरे दामद दिलीप बिसेन मेरे से पैसो की मांग करते थे, मेरे नही देने पर वह मेरी बेटी रोशनी को मारपीट कर उसे दहेज लाने की मांग करता था। शादी के बाद से ही वह दहेज के लिए मारपीट कर उसे घर में छोड़कर चला जाता था।

### मैने रोशनी को कभी नही किया दहेज के लिए परेशान : दिलीप बिसेन



मृतक रोशनी के पति दिलीप बिसेन ने बताया की मेरी पत्नी ने बोला कि मुझे घर छोड़ दो। दोपहर में मैने उसे उसके घर टेकाड़ी छोड़ दिया। उसके बाद उसने किस कारण से कुए में कुदकर आत्महत्या की हैं। मुझे नही पता। मैने कभी उसके साथ मारपीट नही की और ना ही दहेज की मांग की। उसने ऐसा क्यों किया मुझे मालूम नही हैं।